10 जनवरी 2014

जिला प्रशासन का गांव जाखोली (खण्ड राजौन्द) में रात्रि ठहराव कार्यक्रम।

उपलब्धियां

1. रात्रि ठहराव कार्यक्रम में 160 लर्नर लाईसैंस बनाए गए।

2. खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 15 डुप्लीकेट राशन कार्ड जारी किए गए।

3. जिला प्रशासन के जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत शत–प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करते हुए जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव के 1031 पानी के कनैक्शन नियमित किए गए।

4. रक्तदान शिविर में 15 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

5. विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 20 व्यक्यिों को कानूनी जानकारी दी गई।

6. जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा 114 वृद्धावस्था, विधवा व विकलांग सम्मान भत्ता पैन्शन फार्म स्वीकृत किये गए।

7. स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिनभर लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में तैनात चिकित्सकों द्वारा 318 लोगों का
उपचार किया गया। इसके अलावा 37 व्यक्तियों के विभिन्न टैस्ट किये गए।

8. चीका स्थित गुरू गोबिंद सिंह राजकीय बहुतकनीकी संस्थान द्वारा 19 व्यक्तियों को तकनीकी शिक्षा की जानकारी दी गई।

9. नशा मुक्ति केन्द्र चीका द्वारा 70 व्यक्तियों को नशे से बचने के लिए परामर्श दिया गया।

10. कृषि विभाग द्वारा 35 परिवारों को अनुदान पर टंकियां दी गई तथा 15 किसानों को भूमि स्वास्थ्य कार्ड जारी किये गए।

11. डीआरडीए द्वारा सौर ऊर्जा उपकरण प्रदर्शित किये गए, जिसमें रोहेड़ा गांव के सरपंच ने अनुदान पर 10 स्ट्रीट लाईट खरीदीं।